Career in Administrative Service

NSS Dinesh 14 Dec, 2022

14 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन रहा। सुबह के सत्र में स्वयंसेवियों ने सराहां बाजार तथा 907A- NH की सफाई की जिसमें प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया और उसका निस्तारण किया गया। स्वयंसेवियों के दो ग्रुपों ने महाविद्यालय से होकर बाईपास, ओल्ड बस स्टैंड, डीएवी स्कूल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय सराहां द्वारा गोद लिया गया सरस्वती ताल की सफाई की तथा अन्य ग्रुप ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाली गृह परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं को तैयार किया। दोपहर बाद के सत्र में खंड विकास अधिकारी सराहां के कार्यालय से आए पंचायत इंस्पेक्टर श्री राजेश शर्मा ने "Career in Administrative Service" विषय पर बहुमूल्य व्याख्यान दिया। साथ ही महाविद्यालय सराहां के कॉमर्स विभाग के आचार्य श्री सुदेश कुमार ने कैरियर से संबंधित बहुमूल्य जानकारी साझा की। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की तैयारियां की। सत्र के अंत में विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियों के का आयोजन किया गया।